वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in Email:connectpuregistrar@gmail.com

पत्रांक : 093/पू.वि.वि./ रा0से0यो0/2026 दिनांक : 19 सितम्बर, 2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य
राजकीय, वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
सम्बद्ध जनपद जौनपुर एवं गाजीपुर।

विषयः मा. प्रधानमंत्री जी के राष्ट्रव्यापी संकल्प – नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के अंतर्गत माय भारत पोर्टल के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता एवं आगामी दो वर्षों का एक्सन प्लान के सम्बन्ध में।

महोदय /महोदया,

उपरोक्त विषयक के संदर्भ में अवगत कराना है कि मा. प्रधानमंत्री जी के राष्ट्रव्यापी संकल्प नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत 15 से 29 वर्ष के युवाओं को जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से एक स्वस्थ और नशा–मुक्त भविष्य चुनने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान का आयोजन आगामी दो वर्षों तक प्रत्येक रविवार देशभर में निरंतर संचालित किया जा रहा है (विवरण संलग्न है)। उक्त अभियान के सफल आयोजन हेतु निम्न निर्देशों का अनुपालन किया जाना अपेक्षित है :–

1– नशा मुक्त होने के संकल्प करने के लिए प्रेरित करें: स्थानीय युवाओं को बेहतर जीवनशैली अपनाने और नशा मुक्त रहने का संकल्प लेने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करें।

2– प्रतियोगिताओं को बढ़ावा दें: माय भारत पोर्टल के माध्यम से आयोजित क्विज, निबंध लेखन, नुक्कड़ नाटक और संगोष्ठी/रैली प्रतियोगिताओं में अधिकतम सहभागिता हेतु युवाओं को प्रेरित किया जाना है।

3– हेल्पलाइन की जानकारी साझा करें: यह सुनिश्चित करें कि सभी क्षेत्रीय संचार माध्यमों में नेशनल डी–एडिक्शन एंड टेलीकाउंसलिंग हेल्पलाइन (14446) की जानकारी युवाओं को प्रमुखता से दी जाए।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त अनुसार अपने – अपने महाविद्यालय मे आवश्यक कार्यवाही करते हुए उक्त अभियान के तहत माय भारत पोर्टल के माध्यम से आयोजित प्रतियोगिताओं में अधिकतम युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निजी सचिव माननीय कुलपति जी, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वित्त अधिकारी, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
3. प्रभारी वेबमास्टर को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को विवि की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव